नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- जब वज़ू करते, तो अपनी दोनों कोहनियों पर पानी फेरते।

जाबिर बिन अब्दुल्लाह -अल्लाह उनसे प्रसन्न हो- कहते हैं कि नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- जब वज़ू करते, तो अपनी दोनों कोहनियों पर पानी फेरते। [सह़ीह़] [इसे बैहक़ी ने रिवायत किया है। - इसे दारक़ुतनी ने रिवायत किया है ।]

यह हदीस यह बताती है कि वज़ू के अनिवार्य कार्यों में से एक कार्य दोनों हाथों को कोहनियों तक धोना है। विशेष रूप से यह बताना कि दोनों कोहनियों पर पानी फेरते थे, इस बात को स्पष्ट करता है कि हाथ धोते समय उन्हें भी धोना है।

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/8383